प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 03.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगों से वोकल फॉर लोकल का मंत्र अपनाकर स्वदेशी उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा खरीदने का आग्रह किया है।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज जयपुर प्रवास पर–विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- प्रदेश मे चल रहे वन्य जीव सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।
- प्रदेश में बरसात का दौर जारी–आज 13 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट।

00000

प्रदेशभर में दशहरा पर्व परम्परागत उल्लास से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर रावण, मेघनाद और कुम्भकरण के पुतलों का दहन किया गया। कोटा के राष्ट्रीय दशहरा मेले में 233 फिट लम्बे रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे कोटा का नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस मेले में शिरकत की। श्री शर्मा ने इस दौरान लोगो से वोकल फॉर लोकल का मंत्र आत्मसात करने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के कारीगर अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाते है। इसलिए उन्हें प्रेरित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की जरूरत है। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार ने जीएसटी सुधारों के तहत विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों पर जीएसटी की दर **घटाने से** त्यौहारी सीजन में लोगों की खुशियां दोगुनी हो गई है।

.....

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कोटा का दशहरा मेला एतिहासिक होने के साथ ही परम्परा और संस्कृति का प्रतीक है।

.....

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज जयपुर के दौरे पर रहेंगे। वे यहा राज्यस्तरीय प्रतिभा और भामाशाह सम्मान समारोह में भाग लेंगे। ये आयोजन राष्ट्रीय नाई महासभा राजस्थान की ओर से रखा गया है। श्री बिरला का शाम इंडियन सोसायटी फोर हार्ट एण्ड लंग ट्रांसप्लान्टेशन के वार्षिक सम्मेलन में भी भाग लेने का कार्यक्रम है।

0000

जीएसटी बचत उत्सव के दौरान लोगों को कर सुधारों की जानकारी दी जा रही है। इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। यदि पर्यटन क्षेत्र की बात करें तो केन्द्र सरकार ने 7 हज़ार 500 रूपए प्रतिदिन से कम कीमत वाले होटल के कमरों पर जीएसटी की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इस कटौती से मध्यम वर्ग और कम बजट वाले यात्रियों के लिए होटल और अधिक किफायती हो गए हैं। इसके साथ ही हस्तशिल्प और मूर्तियों पर जीएसटी को 5 प्रतिशत कर दिया गया है। 10 से ज़्यादा लोगों की बैठने की क्षमता वाली बसों पर भी टैक्स को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। टैक्स में कमी से यात्रा सस्ती हुई है, स्थानीय कारीगरों को सहारा मिला है और आतिथ्य क्षेत्र को भी प्रोत्साहन मिला है। इस बीच राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार 2025 के कार्यान्वयन के मद्देनजर तीन हज़ार नौ सौ से अधिक फोन कॉल प्राप्त हुई हैं। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 31 प्रतिशत फोन कॉल प्रश्नों से, जबकि 69 प्रतिशत शिकायतों से संबंधित हैं। इनमें ज्यादातर शिकायतों में गलत धारणाओं को उजागर किया गया है कि किन वस्तुओं पर जीएसटी में कटौती की गई है और किन पर नहीं।

0000

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार बिहार के विधानसभा चुनाव और देश के अन्य हिस्सों में कराए जा रहे उप–चुनाव के लिए नव नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ आज नई दिल्ली में बैठक

करेंगे। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने इन चुनावों के लिए चार सौ सत्तर केन्द्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इन पर्यवेक्षकों में भारतीय प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न सेवाओं के अधिकारी शामिल हैं। ये अधिकारी राजस्थान, सहित अन्य राज्यों में होने वाले उप–चुनाव की निगरानी करेंगे।

0000

प्रदेश मे चल रहे वन्य जीव सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। अलवर में पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने सरिस्का अभ्यारण्य में वन कर्मियों की स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। साथ ही वन्य जीव सुरक्षा पोस्टर और स्टीकर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सप्ताह का उद्देश्य लोगों का प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जुडाव बढाना और संरक्षण करना है। उधर पाली के सादडी में वन्य क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। वहीं जैसलमेर में आज सप्ताह के तहत मानव पशु सहअस्तित्व पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। राजकीय एसबीके महाविद्यालय में होने वाली इस प्रतियोगिता में बडी संख्या में विद्यार्थी भाग लेंगे।

0000

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये जा रहे है। इन शिविरों में बडी संख्या में लोग पंहुचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे है। इसी कडी में बाडमेर के जिला अस्पताल में शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न रोगों की जांचे की गई। उधर हनुमानगढ जिले में अभियान के तहत अब तक 494 चिकित्सा शिविर लगाये जा चुके है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि इस दौरान बालिकाओं और गर्भवती महिलाओं के पोषण पर निशुल्क काउंसलिंग भी जा रही है।

0000

चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ उपेन्द्र द्विवेदी आज श्रीगंगानगर जिले के प्रवास पर है। वे भारत पाकिस्तान सीमा के पास स्थित इलाकों का दौरा करेंगे। उनका घडसाना की रोजडी पोस्ट पर जाने का कार्यक्रम है।

0000

बंगाल की खाडी में बने नये परिसंचरण तंत्र के असर से प्रदेश में बरसात का दौर कल भी जारी रहा। राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज बरसात भी हुई। भीलवाडा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के रायला, सरेडी और कंवलियास क्षेत्र में आधे घंटे तक झमाझम बरसात हुई।

.....

मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के दक्षिण पूर्वी हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। 13 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें बांसवाडा, बारां, बूंदी, चित्तौडगढ, झालावाड, कोटा, प्रतापगढ और उदयपुर सहित अन्य जिले शामिल है। राज्य के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां आगामी 3–4 दिन जारी रह सकती है। 5 से 7 अक्टूबर के दौरान फिर से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ के साथ तेज हवाएं चलने और भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

0000